सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश

1250, तुलसी नगर, भोपाल 462003
दूरभाष:- 2556916, फैकस:- 2552665
ई-मेल:- dir.socialjustice@mp.gov.in

क्रमांक/ सा.सहा.-03/48-02/2022 / 1924 भोपाल, दिनांक 20-09-2022

प्रति,

समस्त कलेक्टर
मध्यप्रदेश।

विषय:- पेंशन हितग्राहियों को सभी डाकघर (शाखा डाकघर सहित) कोर बैंकिंग सर्विस (**CBS**) के माध्यम से जोड़े जाने के संबंध में।

संदर्भ:- भारतीय डाक विभाग, कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल म.प्र. परिमंडल, भोपाल का पत्र क्रमांक/एसबी/34-03/01/ **SSSM**/2022 दिनांक 04.08.2022

0

संदर्भित पत्र भारतीय डाक विभाग, कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल म.प्र. परिमंडल, भोपाल द्वारा अवगत कराया गया है कि मध्यप्रदेश परिमंडल के अंतर्गत सभी डाकघर (शाखा डाकघर सहित) कोर बैंकिंग सर्विस (**CBS**) के अंतर्गत जोडें जा चुके हैं एवं इसी तरह डाक विभाग से सभी खाते (**CBS**) खातों में परिवर्तित हो चुके हैं। साथ ही सभी डाकघर **NACH/NPCI** की सुविधा से भी जोडे जा चुके हैं। इसी संबंध में डाक विभाग का **IFSC Code IPOS 0000DOP** भी एक्टिव हो चुका है। साथ ही समस्त खाता धारकों से अनुरोध भी किया गया है कि संबंधित डाकघरों से स्वयं का नया **CBS POSB A/c No.** प्राप्त कर केंद्र एवं राज्य शासन के हितग्राहिता पोर्टल पर अद्यतन करें ताकि उक्त हितग्राही योजनाओं की राशि संबंधित हितग्राही के **CBS POSB A/c No.** में प्राप्त की जा सके एवं उसी प्रक्रिया से मध्यप्रदेश राज्य के डाकघर के **CBS** खाताधारकों को हितग्राही सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत हर माह लगभग 1600 हितग्राहियों के **POSB** खाते में विभिन्न पेंशन डाक विभाग के ऑफलाईन जमा कराने की प्रक्रिया की जा रही है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों की **CBS** खाता क्रमांक प्राप्त कर समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित हितग्राहियों की पेंशन सीधे हितग्राही के खाते में **NACH/NPCI** या **DBT transfer** के माध्यम से जमा हो सके एवं हितग्राहियों को पेंशन प्राप्त करने में विलंब न हो। इस कार्यवाही को जिलों में ऐसे हितग्राही जो पोस्ट ऑफिस से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, उनके खातों को **CBS** खाता में तत्काल परिवर्तित कराये जाने की कार्यवाही कराई जावे है।

(डॉ. ई रमेश कुमार) 19/9
आयुक्त
सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, म.प्र

पृष्ठांकन क्रमांक/ सा.सहा.-03/48-2/2022/ 1925 भोपाल, दिनांक 20-09-2022

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव म.प्र शासन सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत/जनपद पंचायत की ओर सूचनार्थ।
4. समस्त संयुक्त संचालक/उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया समस्त प्रवर/अधीक्षक डाकघर, मध्यप्रदेश परिमंडल को सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश से समन्वय बनाते हुए सभी हितग्राहियों के **CBS** खाता क्रमांक प्रदाय करने एवं उक्त खाता क्रमांक उनके पोर्टल पर अपलोड होना सुनिश्चित कराने बाबत्।
5. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत परिषद, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. समस्त समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण,म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ. ई रमेश कुमार)
आयुक्त
सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, म.प्र